दैनिक
न्याय साक्षी



## संपादकीय

# सांस में फांस

दीपावली के बाद दिल्ली व हरियाणा-उत्तर प्रदेश स्थित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जो प्रदूषण खतरे के गंभीर स्तर तक जा पहुंचा, उसके मूल में पटाखे जलाने, मौसम, हवा का रुख के साथ जो अन्य प्रमुख कारण बताया जा रहा है, वह है किसानों द्वारा खेतों में पराली जलाया जाना। यह अध्ययन का विषय है कि वास्तव में पराली जलाने की इस प्रदूषण बढ़ाने में कितनी भूमिका रही, लेकिन यह एक ऐसी समस्या है, जिसका फौरी उपायों के बावजूद कारगर समाधान नहीं निकाला जा सका है। हालांकि, पंजाब में इस साल प्रदूषण का स्तर पिछले साल के मुकाबले कम रहा। लेकिन यह हकीकत है कि किसानों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच असहायता की सामान्य भावना के चलते खेतों में फिलहाल पराली जलाने का संकट बरकरार है। निस्संदेह, धान की कटाई के बाद खेत में छोड़े गये अवशेष यानी पराली जलाना कानूनन प्रतिबंधित है। लेकिन इस समस्या के जो भी समाधान प्रस्तुत किये गये, वे सभी कारगर साबित नहीं हुए हैं। पराली के निस्तारण के लिये एक मशीन के उपयोग हेतु सब्सिडी योजना को भी सीमित सफलता ही मिल पायी है। दरअसल, छोटे, सीमांत और मध्यम किसानों का एक बड़ा वर्ग इसकी लागत जुटाने में सक्षम नजर नहीं आया। वहीं आर्थिक दंड के प्रावधान भी कारगर साबित नहीं हुए। वास्तव में पंजाब आदि में खरीफ के बाद रबी की फसल बोने के लिये किसानों को कम ही समय मिल पाता है। ऐसे में वे दूसरी फसल बोने की जल्दी में आनन-फानन पराली को ठिकाने लगाने के सरल उपाय के बारे में सोचते हैं, जिसमें सबसे आसान उसे खेत में ही पराली जलाना नजर आता है क्योंकि उसे श्रमिकों को पराली ढोने के लिए मजदूरी देने में बचत होती है। कुछ साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने किसानों को प्रोत्साहित करने के लिये नकद इनाम योजना का सुझाव दिया था, लेकिन इससे जुड़ी व्यावहारिक दिक्क तों की वजह से यह योजना सिरे नहीं चढ़ सकी।

दरअसल, वक्त की नजाकत और पराली जलाने पर अंकुश लगाने के प्रयासों में निराशाजनक रूप से धीमी प्रगति को देखते हुए आवश्यकता महसूस की जा रही है कि किसी व्यावहारिक व्यावसायिक मॉडल को अपनाया जाये। जो सही मायनों में बदलावकारी कदम साबित हो। विदेशों में पराली के व्यावसायिक उपयोग के जरिये जहां इस समस्या का समाधान किया गया, वहीं किसानों की आय में भी वृद्धि की गई है। पंजाब में कुछ निजी फर्मों ने बायोगैस संयंत्रों में गैस उत्पादन तथा कुछ उत्पादों के निर्माण के लिये पराली खरीदने का बीड़ा उठाया है। निस्संदेह केंद्र व राज्य सरकारों को ऐसी सार्थक पहल करने वाले उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है, जो व्यर्थ जलायी जाने वाली पराली को उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को आर्थिक लाभ देने का प्रयास कर रहे हैं। दिल्ली की आम आदमी सरकार ने भी जैव अपघटकों के जरिये पराली निस्तारण में सफलता का दावा किया है। दावा किया जा रहा है कि खेत में एक रासायनिक स्प्रे से बीस से पच्चीस दिन के भीतर अधिकांश पराली को खेत की उर्वरकता बढ़ाने में तब्दील कर दिया जाता है। लेकिन पंजाब मे जहां खरीफ की फसल के बाद रबी की फसल बोने के समय का अंतर बहुत कम है, यह प्रयोग किसानों के अनुकूल साबित नहीं हुआ और इसे सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल पाया। दरअसल, इस मुद्दे पर सियासी घमासान के बीच शहरी लोगों की यह सोच बनी है कि इस समस्या के लिये किसान ही दोषी है। यह भी कि किसान को देश व पर्यावरण की चिंता नहीं है। जबकि एक हकीकत यह भी है कि पराली जलाये जाने से होने वाले प्रदूषण का पहला शिकार किसान व उसका परिवार ही होता है। इस मुद्दे पर शासन-प्रशासन द्वारा कारगर विकल्प न दिये जाने और किसानों की सोच के दायरे में पहल न होने से भी समस्या जटिल बनी है। दरअसल, उसके सामने पराली को ठिकाने लगाने के सीमित विकल्प हैं। वास्तव में यह समस्या बेहतर व व्यावहारिक प्रबंधन व तार्किक समाधान की मांग करती है। महज दोषारोपण से समस्या का कारगर समाधान निकलने वाला नहीं है।

# पेटीएम के आईपीओ में अंतिम दिन तक कुल 1.89 गुना अभिदान




**मुंबई ।** पेटीएम के प्रथम शेयर निर्गम (आईपीओ) में तीसरे और अंतिम दिन की समाप्ति तक कुल मिला कर 1.89 गुना अभिदान प्राप्त हुआ। डिजिटल भुगतान एवं वित्तीय सेवा मंच पेटीएम की स्वामित्वधारक नोएडा की कंपनी कंपनी वन97 कम्युनिकेशनस लि. ने इस आईपीओ में कुल 4.83 करोड़ शेयरों की पेशकश की थी और इसमें विभिन्न वर्ग के निवेशकों ने कुल मिला कर 9.14 करोड़ शेयर के लिए बोलियां प्रस्तुत की हैं।

शेयर बाजार की सूचनाओं के अनुसार खुदरा वर्ग के निवेशकों के लिए आरक्षित हिस्से में 1.66 गुना आवेदन मिले हैं जबकि प्रात्र संस्थागत निवेशकों के हिस्से में बोलिया तय संख्या के शेयरों से 2.79 गुना अधिक हैं। गैर संस्थागत निवेशकों के वर्ग में निर्धारित कोटे के केवल 24 प्रतिशत शेयर के लिए ही आवेदन मिले हैं। इस आईपीओ में 75 प्रतिशत शेयर पात्र संस्थागत निवेशकों के लिए , 15 प्रतिशत शेयर गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए और 10 प्रतिशत शेयर खुदरा निवेशकों के लिए रखे गए थे।

कंपनी ने आइपीओ के तहत शेयरों का भाव 2,080-2,150 रुपये निर्धारित किया है। न्यूनतम मूल्य पर नए निर्गम से कंपनी को 8,300 करोड़ प्राप्त होने का अनुमान है। इसके अलावा कंपनी के प्रवर्तक शेयर बाजार में बिक्री की पेशकश (आफर फार सेल) के रास्ते दस हजार करोड़ रुपये जुटाने वाले हैं।

भारतीय बाजार में 2010 के कोल इंडिया के आईपीओ के बाद सबसे बड़ा सार्वजनिक शेयर निर्गम है। इसमें कंपनी कुल मिला कर 18,300 करोड़ रुपये जुटाने वाली है। कोल इंडिया का निर्गम 15,200 करोड़ रुपये का था।

पेटीएम का आईपीओ आठ नवंबर को खुला था और पहले दिन केवल 18 प्रतिशत शेयर के लिए बोलियां प्राप्त हुई थीं। दूसरे दिन कुल अभिदान बढ़ कर 48 प्रतिशत तक पहुंचा था। पात्र संस्थाग निवेशकों ने अंतिम दिन इस शेयर के लिए आना दाव ऊंचा कर दिया। कंपनी के शेयर का अंकित मूल्य 1 रुपये है। कंपनी शेयर आवंटन की घोषणा 15 नवंबर को होगी और इसके 18 नवंबर को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की उम्मीद है।

# मिचेल के आतिशी अर्धशतक के दम पर न्यूज़ीलैंड पहुंची फाइनल में



**दुबई।** डेरिल मिचेल की 47 गेंदों पर नाबाद 72 रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारी के दम पर न्यूज़ीलैंड ने इंग्लैंड से वनडे विश्व कप के फ़ाइनल की हार का बदला चुकाते हुए पांच विकेट से जीत हासिल कर आईसीसी टी 20 विश्व कप के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

इंग्लैंड ने आलराउंडर मोईन अली नाबाद 51 के शानदार अर्धशतक से 20 ओवर में चार विकेट पर 166 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन न्यूज़ीलैंड ने मैन ऑफ द मैच बने मिचेल की आतिशी पारी की बदौलत 19 ओवर में पांच विकेट पर 167 रन बनाकर मैच को अंत में जाते-जाते एकतरफा बना दिया। मिचेल ने 47 गेंदों पर चार चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 72 रन की मैच विजयी पारी खेली।

# भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेले का 14 नवंबर को प्रगतिमैदान में उद्घाटन करेंगे गोयल

**नई दिल्ली।** भारत का 40वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का राजधानी के प्रगति मैदान में नए विकसित मंडपों में 14 नवंबर को शुरू हो रहा है। भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा आयोजित किए जाने वाले इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, वस्त्र, उपभोक्ता मामले एवं खाद्य मंत्री पीयूष गोयल करेंगे।

यह मेला भारत देश विदेश के प्रतिभागियों के लिए भारत में व्यापार और निवेश के नए नए अवसरों की झांकियां प्रस्तुत करता है। इस मेले का इस बार विशेष महत्व है क्यों की इस वर्ष भारत आजदी का अमृतमहोत्सव मना रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार मेले में कोविड19 संक्रमण से बचाव के लिए घोषित नियमों का पालन किया जाएगा। इसमें देश विदेश से करीब तीन 3000 इकाइयां अपने उत्पाद और प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेंगी। मेला कुल 70,000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला होगा। यह 2019 की तुलना में तीन गुना क्षेत्र है। कोविड के कारण पिछले साल इसका आयोजन नहीं हो सका था।

बिहार इस बार भागदीर राज्य है तथा उत्तर प्रदेश और झरखंड को केंद्र में रखा गया है।

# मारुति सुज़ुकी ने लाँच की नयी सेलेरियो, शुरूआती कीमत 4.99 लाख रुपये

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी बहुप्रतीक्षित कॉम्पैक्ट हैचबैक नयी सेलेरियो कार को लाँच करने की घोषणा की जिसकी शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 4.99 लाख रुपये है।

कंपनी ने इस कार को सबसे किफायती ईंधन दक्षता वाली कार होने वाला दावा करते हुये आज एक वचुअर्ल कार्यक्रम में इसे लाँच करते हुये कहा कि ऑल-न्यू सेलेरियो 26.68 किलोमीटर प्रति लीटर का बेहतरीन माईलेज देती है। आईडल स्टार्ट-स्टॉप टेक्नॉलॉजी के साथ नैक्स्ट जनरेशन के ड्युअल जेट,




ड्युअल वीवीटी के-सीरीज़ के इंजन द्वारा पॉवर्ड, यह कार ड्राईविंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करती है। अनेक सुरक्षा तथा स्मार्ट फीचरों से युक्त ऑल-न्यू सेलेरियो एक बार फिर से कॉम्पैक्ट हैचबैक सेगमेंट में धूम मचाने के लिए तैयार है। ड्राईविंग के अनुभव, नए 3डी ऑर्गेनिक स्कल्पटेड डिज़ाईन, सेगमेंट में प्रथम सुरक्षा व सुविधा की विशेषताओं के साथ, ऑल-न्यू सेलेरियो इस सेगमेंट में गति तथा ताजगी लेकर आएगी।

कंपनी के प्रबंधन निदेशक एवं सीईओ केनिची आयुकावा ने कहा, ''कोरोना महामारी भारतीय ऑटोमोबाईल उद्योग में अप्रत्याशित परिवर्तन लेकर आई, क्योंकि इसने व्यक्तिगत मोबिलिटी की जरूरत पर विशेष बल दिया। भारत मुख्यतः छोटी कारों का बाजार है, जिसमें वाहन के विक्रय में तकरीबन 46 प्रतिशत योगदान हैचबैक देती हैं। अग्रणी कार निर्माता के रूप में हमारी यह जिम्मेदारी है कि हम ऑटोमोबाईल उद्योग में उत्साह लेकर आएं। ऑल-न्यू सेलेरियो के साथ हम देश में सबसे महत्वपूर्ण यात्री वाहन सेगमेंट को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि इस कार में एक लीटर का के सीरीज नया इंजन है जिससे कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आयी है। इसमें सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है और फ्रंट में दो एयरबैग दिये गये हैं। इसके साथ ही इस श्रेणी की कार में पहली बार हिल अस्सीसट की सुविधा भी दी गयी है। यह कार कंपनी की पांचवी पीढ़ी के प्लेटफार्म हर्टटेक पर बनाया गया है। यह कार छह रंगों में उपलब्ध होगी।

# निशा दहिया ने वीडियो जारी कर कहा वो बिलकुल ठीक हैं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्तर की महिला पहलवान निशा दहिया ने आज शाम एक वीडियो जारी कर स्पष्ट किया है कि वो बिलकुल ठीक हैं और उन्हें गोली मारने जैसी खबरें सिरे से गलत हैं। निशा ने अपना वीडियो जारी कर कहा,मैं गोंडा में सीनियर नेशनल खेलने आयी हूं और मैं पूरी तरह से ठीक हूं। मुझे सोनीपत में गोली मारे जाने की जो खबर है वो सिरे से गलत है।



अर्जुन अवार्डी पहलवान कृपाशंकर बिश्नोई ने एक बयान जारी कर कहा कि हरियाणा के जिला सोनीपत में जिस राष्ट्रीय कुश्ती महिला खिलाड़ी और उसके परिवार पर जानलेवा हमला हुआ है और उनकी मौत हो गई, यह खबर झूठी है कृपया सच्चाई की जांच कर लें । निशा भारतीय रेलवे की पहलवान है और अभी 11 से 13 नवंबर 2021 तक भारतीय रेलवे कुश्ती टीम का प्रतिनिधित्व कर रही है राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में वह हमारे साथ सुरक्षित है स्वस्थ है। जिस निशा के बारे में बात हो रही है शायद वह कोई और होगी।

# प्रेसिडेंट्स कप में भारत ने स्वर्ण और रजत के साथ समाप्त किया अभियान

**व्रोकला।** भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने आईएसएसएफ प्रेसिडेंट्स कप के आखिरी दिन तुर्की के अपने साथी ओजगुर वर्लिक के साथ 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने के साथ अपना अभियान समाप्त किया।



मनु और ओजगुर की जोड़ी ने फाइनल में चीन की जिओ जियारुइक्सियन और एस्टोनिया के पीटर ओलेस्क को 9-7 से हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागुएट (फ्रांस) और उनकी साथी जर्मनी की डोरेन वेनेकैंप ने कांस्य पदक जीता।

इससे पहले अनुभवी भारतीय निशानेबाज राही सरनोबत ने पिछ्ली दो श्रृंखलाओं के दौरान पिस्टल में खराबी के कारण कुछ महत्वपूर्ण शॉर्ट्स से चूकने के बावजूद 25 मीटर महिला पिस्टल स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि इस इवेंट में उनकी हमवतन मनु भाकर छठे स्थान पर रहीं। इसी के साथ भारत ने प्रेसिडेंट्स कप 2021 में कुल पांच पदकों (दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) के साथ अभियान समाप्त किया।

फाइनल में जाते-जाते मनु और राही योग्यता चरण में 583 के समान स्कोर के साथ क्रमशः दूसरे और चौथे स्थान पर रहीं। मनु ने इससे पहले बीते शनिवार को अपने साथी ईरान के जवाद फोरोफी के साथ टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम इवेंट में स्वर्ण पदक भी जीता था, जबकि सौरभ चौधरी और अभिषेक वर्मा ने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष इवेंट में क्रमशः रजत और कांस्य पदक अपने नाम किए थे।

## आज का राशिफल

मेषः आपके किसी कार्य या प्रोजेक्ट में सरकार की तरफ से लाभ मिलेगा। आफिस में महत्त्वपूर्ण मुद्दों के संबंध में उच्च पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श होंगे।

वृषः विदेश गमन के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। विदेश बसने वाले स्नेही या मित्र का समाचार मिलेगा। व्यापारियों को व्यापार में धन लाभ होगा।

मिथुनः गुस्से की भावना आपको हानि पहुंचा सकती है। बीमार व्यक्ति नई चिकित्सा या आपरेशन न करवाएं। बदनामी न हो इसका ध्यान रखें।

कर्कः संवेदनशीलता और प्रेम की भावनाओं से हरा-भरा मन आज विपरीत लिंगीय पात्रों की तरफ अधिक आकर्षित होगा।

सिंहः संदेह की भावना आपके मन को बेचैन बनाएंगे। दैनिक कार्य विलंब से पूरे होंगे। परिश्रम तो अधिक करेंगे, परंतु फल कम मिलेगा।

कन्याः आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। अचानक धन लाभ होगा। बौद्धिक चर्चाओं और समझौते में सफलता मिलेगी।

तुलाः आज के दिन सावधान रहें। विचारों की भरमार आपको मानसिक रूप से स्वस्थ बनाएगी। माता और स्त्रीवर्ग संबंधी चिंता सताएगी।

वृश्चिकः कार्यसफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि का योग है। भाई-बहनों के साथ कौटुंबिक चर्चा और आयोजन होंगे। तन-मन में स्फूर्ति और आनंद अनुभव होगा।

धनुः परिजनों के साथ होने वाली गलतफहमी से बचें। व्यर्थ में धन खर्च होगा। मानसिक उचाट और दुविधा के कारण महत्त्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे।

मकरः परिवार में मंगलकारी वातावरण रहेगा। दोस्तों और सगे-संबंधियों की तरफ से भेंट- उपहार मिलने से आनंद अनुभव करेंगे।

कुंभः पैसे की लेन-देन या जमानत आपको फंसा न दे, इसका ध्यान रखें। एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। स्वास्थ्य के संबंध में प्रश्न खड़े होंगे।

मीनः समाज में अग्रिम स्थान प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक कार्यों में भाग लेने जाना होगा। बुजुर्गों और मित्रों का सहयोग मिलेगा। मित्रमंडल में नए मित्र जुड़ेंगे।

# रानी, सैफ ने बंटी और बबली 2 के लिए अबू धाबी में की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेता रानी मुखर्जी और सैफ अली खान अपनी आगामी फिल्म बंटी और बबली 2 की रिलीज के लिए तैयार हैं। दोनों एक्टर्स ने अबू धाबी में शूट किए गए एक चोरी के दृश्य के बारे में कई बड़े खुलासे किए है। सैफ ने कहा कि युवा कॉन कलाकारों द्वारा सेवानिवृत्त कॉन सितारों को अपने हाइबरनेशन से बाहर आने के लिए मजबूर किया जाता है। पुराने बंटी बबली उन्हें अपस्टार्ट के रूप में मानते हैं और उन्हें अपने ही खेल में हराना चाहते हैं। इसलिए हम नए जोड़े को सबक सिखाने के लिए एक विस्तृत और असाधारण चोर तैयार करते हैं। हमने इसे अबू धाबी और विम्मी में शूट किया है।



अभिनेता ने कहा कि उन्होंने अबू धाबी में एक विशाल दल के साथ शूटिंग की है, क्योंकि वे चोर के लिए एक अद्भुत पैमाना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि हमारे पास सबसे बड़े आउटडोर क्रू में से एक था। जिसके साथ मैंने काम किया है। वास्तव में बंटी बबली तरीके से बहुत ही मनोरंजक तरीके से शूट किए गए है। मुझे यकीन है कि दर्शकों को हमारा काम पसंद आएगा।

रानी ने साझा किया कि यह फिल्म की सबसे बड़ी हाइलाइट्स में से एक है और वाईआरएफ ने यह दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है कि कैसे मूल बंटी और बबली नए कॉन कलाकारों के लिए खुद को बदलते हैं।

# अक्षय कुमार की मराठी फिल्म चुंबक सोनी लिव पर 12 नवंबर होगी रिलीज



बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हुई फिल्म सूर्यवंशी को लेकर खूब वाहवाही लूट रहें हैं। लंबे समय बाद थिएटर में रिलीज हुई इस फिल्म पर दर्शक जमकर सीटियां और तालियां बजा रहें हैं। जहां फिल्म को बहुत ही शानदार प्रतिक्रिया मिल रहीं हैं, वहीं अक्षय कुमार ने अपने फैंस के साथ एक और गुड न्यूज़ शेयर की है।

दरअसल उन्होंने आज अपने द्वारा प्रजेंट की गई मराठी फिल्म चुंबक की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म अब ओटीटी प्लेटफार्म सोनी लिव पर रिलीज होने जा रहीं हैं। चुंबक के टीज़र को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर कर अक्षय ने बताया कि ये फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है। अक्षय ने टीज़र शेयर करते हुए फिल्म के सोनी लिव पर रिलीज होने की जानकारी देते हुए लिखा, एक फिल्म जो मेरे दिल के बेहद करीब है, और जिसने बहुत से दिलों को जीता है।

# बनाएं टेस्टी मूंग-मेथी वॉफल

मूंग और मेथी की मदद से आप तैयार कर सकती हैं घर में ही टेस्टी वॉफल, आइए जानते हैं इसे तैयार करने की आसान विधि।



### सामग्री :

हरी मूंग दाल का आटा- 1/2 कप, सूजी- 1/2 कप, मेथी की पत्तियां (धुली और कटी हुई)- 1/2 कप, बारीक कटे प्याज- 2 टेबलस्पून, हरी मिर्च बारीक कटी- 1 टीस्पून, बारीक कटे लहसुन- 1 टीस्पून, अदरक पेस्ट- 1 टीस्पून, दही- 2 टेबलस्पून, बेकिंग सोडा- 1/2 टीस्पून, हींग- 1/4 टीस्पून, तेल- वॉफल प्लेट ग्रीसिंग के लिए, नमक-स्वादानुसार

**गॉर्निशिंग के लिए-** सरसों के बीज- 1 टीस्पून, तिल- 1 टेबलस्पून, करी पत्ते- 8-10, हींग- 1/4 टीस्पून, साबुत लाल मिर्च- 2-3, तेल- 1 टेबलस्पून

### विधि :

एक बाउल में तेल को छोड़कर वॉफल की सारी सामग्री को एक साथ मिक्स कर लें। धीरे-धीरे पानी डालते हुए मिक्स करें। बैटर न बहुत ज्यादा गाढ़ा हो न बहुत ज्यादा पानी वाला। वॉफल आयरन प्लेट को तेल से ग्रीस कर प्री-हीट कर लें। अब प्लेट पर बैटर डाल दें। वैसे तो 3-4 मिनट इसे पकने में लगते हैं लेकिन हो सकता है थोड़ा ज्यादा वक्त भी लगे। इसलिए बेहतर होगा कि पहले एक प्लेट पर बनने का वक्त देख लें फिर आगे दूसरे वॉफल तैयार करें। वॉफल अच्छी तरह से पक जाने पर क्रिस्पी हो जाते हैं और प्लेट से बड़ी ही आसानी से बाहर निकल आते हैं। अब तड़का पैन में तेल गर्म करें उसमें करी पत्ता, सरसों, साबुत लाल मिर्च, हींग और तिल डालकर तड़काएं। इसे वॉफल पर डाल दें। तैयार है मूंग और मेथी वॉफल सर्व करने के लिए।


## शब्द सामर्थ्य- 256

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 255 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

## सू-दोकू- 256

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.255 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |